कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

**दुर्ग, दिनांक : 23.08.2025**

## // रिपोर्ट//
## गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।

भारत में 23 अगस्त को मनाये जाने वाला दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 में विशेष रूप से चर्चा में है क्योंकि यह चन्द्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की दूसरी वर्षगांठ है। इस दिन को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में इसरो की चन्द्रयान-3 लैण्डर की चन्द्रमा की सतह पर सफल लैडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित में कॅरियर बनाने के लिये प्रेरित करता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025 का विषय ''आर्यभट्ट से गगनयान प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ'' जो भारत की खगोलशास्त्री विरासत से लेकर अगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) तक की यात्रा को दर्शायेगा।

भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रकाश डालते हुए बताया कि 23 अगस्त 2023 को इसरो के चन्द्रयान-3 मिशन में चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की इसमें विक्रम लैण्डर और प्रज्ञान रोवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतः लैडिंग स्थल को ''शिव-शक्ति'' का नाम दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव एवं आभार प्रदर्शन श्री नितिन कुमार देवांगन, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सुनीता कुमारी बेर, प्रयोगशाला तकनीशियन ने अपना योगदान दिया। इस अवसर छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।



प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)